प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक 28.06.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में करेंगे अपने विचार साझा ।
- कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुन: परीक्षाओं के परिणाम आज हुए घोषित ।
- जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी कराने के लिये आकांक्षा योजना।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका कल टी-20 विश्व कप के फाइनल में होंगे आमने-सामने ।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

एक पेड़ मां के नाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान जन सहयोग से सफल होगा। इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं राजधानी भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

पतंजलि संस्कृत संस्थान परिणाम

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। संस्थान द्वारा प्रदेश में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्कृत विद्यालय के लिये कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाती है। कक्षा 10वीं में कुल 5 हजार 813 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षाफल 50 दशमलव 5-

3 प्रतिशत रहा जबकि कक्षा 12वीं में 4 हजार 570 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसका परीक्षाफल 61दशमलव 9-3 प्रतिशत रहा।

जन औषधि केंद्र

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जन औषधि केंद्र का ग़रीब और जरूरतमंदों को लाभ मिले। औषधि केंद्र में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों के बारे में प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल श्री पटेल रेडक्रॉस चिकित्सालय में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने रेडक्रॉस चिकित्सालय को अनुदान स्वरूप 5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने चिकित्सालय को 2 डेंटल चेयर प्रदान की गई। श्री पटेल ने रेडक्रॉस चिकित्सालय की नई दंत चिकित्सा इकाई का शुभारम्भ किया। श्री पटेल ने इस अवसर पर ऑवला और शमी के पौधों का रोपण किया।

परीक्षा परिणाम

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुन: परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित कर दिये गये । इन परीक्षाओं का संचालन गत 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। जिनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं और पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 31 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1 लाख 63 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। पुन: परीक्षा में कक्षा 5वीं के 81 दशमलव 7-1 प्रतिशत विद्यार्थी तथा कक्षा 8वीं के 76 दशमलव 9-5 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

'आकांक्षा योजना'

जनजातीय कार्य विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी करवाने के लिये 'आकांक्षा योजना' बनाई है। आकांक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा से 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर में एवं क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना गया है, इनमें 200-200 विद्यार्थियों को चुना जाएगा। आकांक्षा योजना में चयनित विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा दी जाएगी। साथ ही उन्हें पुस्तकें और स्टेशनरी सहित मार्गदर्शन दिया जाएगा। इन विद्यार्थियों को टेबलैट भी दिया जाएगा, जिसके लिए इंटरनेट एवं डाटा प्लान की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की जायेगी।

परीक्षा कानून

प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदेश सरकार सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसमें परीक्षा केंद्र, सर्विस प्रोवाडर कंपनी या कोई व्यक्ति जो पेपर लीक व किसी गड़बड़ी में शामिल पाया जाता है तो उसकी सीधे जवाबदारी तय होगी। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। नए कानून का मसौदा तैयार करने का काम स्कूल शिक्षा विभाग

द्वारा किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का कहना है कि हम प्रारूप तैयार कर रहे हैं। अब सीधे जवाबदेही तय होगी। विधि विभाग के परीक्षण के बाद के आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

पारधी शिक्षा

कटनी मे पारधी समाज को जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज शिक्षा विभाग के साथ मिलकर हरदुआ स्कूल में पारधियों के लगभग दो दर्जन बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया। पुलिस द्वारा और भी बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए लगातार सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इन बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने कलेक्टर अवि प्रसाद पहुंचे और उन्होंने बच्चों को किताबें भेंट करते हुए प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

विश्व कप क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका कल शनिवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस में टी20 विश्व कप के फाइनल में आमने-सामने होंगे। भारत ने गुयाना में दूसरे सेमीफाइनल में बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण विलंबित मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराया, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर पहली बार विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया।

दोनों टीमें टूर्नामेंट में अजेय रहीं, लेकिन दिन के मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, फाइनल में बारिश की भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालाँकि, खिताबी मुकाबले के लिए एक आरक्षित दिन रखा गया है ।

यदि बारबाडोस में फाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों को टूर्नामेंट का संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

- इंदौर में आज जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की 12 कंपनियों में नौकरी के लिए 273 युवाओं को चयन किया गया। मेले में कुल 480 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था।
- सागर जिले में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को नवसाक्षर करने के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- अशोकनगर जिले में दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए जनपद पंचायत ईसागढ़ में आज सामाजिक अधिकारिता विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में 15 से 30 जून तक नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर कल

जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन नेहरू पार्क के सामने किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों से जनसामान्य को अवगत कराया गया है।

- टीकमगढ जिले मे विशेष अभियान के तहत 2 लाख से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई।
- आगरमालवा जिले के 14 पटवारियों के विरूद्ध प्राकृतिक आपदा कीट प्रकोप की राशि वितरण में गंभीर वित्तीय अनियमितता बरतने पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं ।
- गुना में आज सिंगवासा तालाब में SDERF, DRC टीमों एवं आपदा मित्रो को मानसून पूर्व तैराकी एवं वोट चालन का प्रशिक्षण दिया गया।
- और
- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा बज़्मे सुख़न के अंतर्गत उर्दू में लोक साहित्य विषय पर व्याख्यान एवं मुशायरे का आयोजन राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जाएगा।

------------------------